दिनांक 16.06.2024 समय 18.30

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों से नियमित योगाभ्यास करने का किया आग्रह–प्रदेश में भी अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर की जा रही है तैयारियां ।
- विधि और न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा– 1 जुलाई से लागू होंने वाले तीन नए आपराधिक कानूनों का उद्देश्य आमजन को त्वरित न्याय प्रदान करना।
- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने प्रदेश में 4 सोलर प्रोजेक्ट के लिए भूमि आंवटन के प्रस्तावों को दी मंजूरी ।
- प्रदेश में गंगादशमी के अवसर पर हो रहे हैं विभिन्न धार्मिक आयोजन।

000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों से योग के लाभ प्राप्त करने के लिए नियमित योगाभ्यास करने का आग्रह किया है। प्रधानमंत्री ने आज सोशल मीडिया पर योग करते हुए अपना एक वीडियो साझा किया। उन्होंने वीडियो में पादहस्तासन के बारे में जानकारी दी।

वहीं, प्रदेश में आगामी 21 जून को आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में विभिन्न स्थानों पर योग सप्ताह और योग महोत्सव आयोजित किये जा रहे हैं। नगर निगम जयपुर ग्रेटर की ओर से चल रहे महोत्सव में आज से योग अभ्यास शुरू हुआ। इसमें बिना रुके लगातार 1500 मिनट तक योगासन करवाया जा रहा है। भरतपुर में जिला स्तरीय समारोह की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। पुलिस ग्राउंड में होने वाले समारोह में तीन हजार से अधिक लोग एक साथ योगाभ्यास करेंगे।

भीलवाडा में भी योग दिवस का कई जगहों पर पूर्वाभ्यास करवाया जा रहा है। रोजाना गांवों और शहरों में योग के कार्यक्रम हो रहे हैं। जिला स्तरीय मुख्य आयोजन भीलवाड़ा के राजेंद्र मार्ग स्कूल में होगा। बूंदी में आज से पांच दिवसीय योग शिविर शुरू हुआ। पुलिस परेड ग्राउंड स्थित चंद्रप्रकाश स्टेडियम में चल रहे इस शिविर में पुलिसकर्मियों ने योगाभ्यास किया।

000

केन्द्र सरकार ने **'आपराधिक न्यायिक प्रणाली प्रशासन में भारत का प्रगतिशील पथ'** शीर्षक से आज कोलकाता में सम्मेलन का आयोजन किया। केंद्रीय विधि और न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने सम्मेलन का उदघाटन किया। उन्होंने कहा कि तीन नए अपराधिक कानून लोगों को त्वरित न्याय दिलाने के लिए बनाये गये हैं। श्री मेघवाल ने कहा कि देश की स्थिति और समय के अनुसार कानूनों में बदलाव की आवश्यकता होती है। श्री मेघवाल ने कहा कि देश के कई वर्गों की ओर से, ब्रिटिश काल के इन कानूनों में बदलाव की मांग की जा रही थी।

-------------------

श्री मेघवाल ने कहा कि ये कानून देश के सभी राज्यों, केंद्रशासित प्रदेशों, कानून लागू करने वाली एजेंसियों और इससे जुड़े सभी लोगों से सलाह लेने के बाद बनाये गये हैं। केंद्रीय विधि और न्याय सचिव राजीव मणि, केंद्रीय विधि आयोग की सदस्य सचिव रीता वशिष्ठ ने नए कानूनों के विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा की। गौरतलब है कि पिछले वर्ष दिसंबर में राष्ट्रपति ने इन कानूनों को मंजूरी दी थी।

000

आकाशवाणी समाचार जयपुर की ओर से प्रादेशिक समाचार बुलेटिनों में तीन नये आपराधिक कानूनों के बारे में जागरुकता लाने के उद्देश्य से श्रृंखला चलायी जा रही है। इसके तहत आज हम आपको नये आपराधिक कानूनों में फॉरेंसिक को बढ़ावा देने संबंधित किये गये कानूनी प्रावधानों के बारे में बताने जा रहे हैं।

7 वर्ष और इससे अधिक की सजा के प्रावधान वाले सभी अपराधों में फॉरेंसिक को अनिवार्य किया गया है। जांच के कार्यो में वैज्ञानिक तरीकों को बढावा दिया जाएगा। नये आपराधिक कानूनी प्रावधानों में दोषसिद्धी की दर को 90 प्रतिशत तक बढाने का लक्ष्य रखा गया है। सभी राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों में फॉरेसिक तरीको को अनिवार्य बनाया गया है इसके लिए पांच वर्षों के भीतर राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों को बुनियादी ढांचा तैयार करना होगा।

000

राज्यपाल कलराज मिश्र ने आज जयपुर में आगरा रोड स्थित श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर पहुंचकर पूजा–अर्चना की। श्री मिश्र ने वहां भगवान लक्ष्मीनारायण की स्तुति भी की। मंदिर परिसर में ही उन्होंने भगवान शिव का विधि विधान से अभिषेक कर राष्ट्र की खुशहाली और समृद्धि के लिए कामना की।

000

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा आज ब्यावर के आशापुरा माता मंदिर में आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में शामिल हुए। श्री शर्मा ने इस अवसर पर मंदिर में पूजा–अर्चना की। बाद में मुख्यमंत्री ने एक आमसभा को सम्बोधित किया। उन्होंने सामूहिक विवाह समारोह को बढावा देने की आवश्यकता पर जोर दिया। वहीं अपने सम्बोधन में मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाएं का जिक्र करते हुए कहा कि हमने जो वायदे किये हैं वो पूरे किये हैं। उन्होंने कहा कि सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए संकल्पित है।

....................

इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री सुरेश रावत और सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत भी मौजूद रहे।

000

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने प्रदेश में 4 सोलर प्रोजेक्ट के लिए भूमि आंवटन के प्रस्तावों को मंजूरी दे दी है। इसके तहत बीकानेर के पूगल और छत्तरगढ तहसील में 2450 मेगावाट के 3 सोलर पार्क स्थापित होगें। वहीं फलौदी के भड़ला में 500 मेगावाट के एक सोलर प्रोजेक्ट की भी स्थापना होगी।

प्रस्ताव के अनुसार बीकानेर जिले में 2450 मेगावाट के 3 सोलर पार्को की स्थापना के लिए राजस्थान सोलर पार्क डवलपमेंट कंपनी को कुल 4780 हैक्टेयर और फलौदी जिले में 500 मेगावाट के एक सोलर प्रोजेक्ट की स्थापना के लिए एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड को करीब 910 हैक्टेयर भूमि आवंटन को मंजूरी दी गई है। ये सोलर पार्क 3 चरणों में विकसित किये जायेंगे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि इन सोलर प्रोजेक्ट्स के माध्यम से राजस्थान को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने का हमारा संकल्प साकार होगा और ये प्रदेश के विकास में मील का पत्थर साबित होंगे।

000

प्रदेश में आगामी आठ अगस्त को अमृत पर्यावरण महोत्सव के तहत बड़ी संख्या में पौध रोपण किया जाएगा। पाली दौरे पर पहुंचे पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर ने बताया कि इन पौधों की देखभाल नरेगा श्रमिकों के द्वारा की जाएगी। इससे चार लाख श्रमिकों को रोजगार मिलेगा। उन्होंने कहा कि राजस्थान में बढ़ते तापमान को रोकने के लिए पौधे लगाना जरूरी है। पेड–पौधे लगाने से पर्यावरण संतुलन बनने के साथ ही वर्षा के लिए भी अनुकूल वातावरण तैयार होता है।

000

प्रदेश में आज गंगा दशहरा पर्व के अवसर पर विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान हो रहे हैं। सुबह से ही गंगा माता मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना की जा रही है। वहीं पवित्र सरावरों में श्रद्धालु स्नान कर रहे हैं। जयपुर के गलता तीर्थ में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने स्नानकर पूजा–अर्चना की। भरतपुर के प्रसिद्ध गंगा मंदिर में फूल बंगला झांकी सजायी गयी है। **डीग** में तीर्थराज विमल कुंड में स्नान करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे हैं। इसके लिए जिला प्रशासन ने कुंड में चंबल का पानी छोड़ा है। लोगों की सुविधा के लिए

रोशनी, छाया और पानी की समुचित व्यवस्था की गयी है। अजमेर जिले में स्थित पवित्र पुष्कर सरोवर में श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में स्नान कर दान–पुण्य किया। सवाईमाधोपुर जिले में भी गंगा दशहरा पर्व पारम्परिक श्रद्धाभाव से मनाया जा रहा है। वहीं जैसलमेर जिले में स्थित रामदेवरा में दशमी के अवसर पर बाबा रामदेव की समाधि के दर्शन करने के लिए सुबह से श्रद्धालुओं का आना जारी है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोशल मीडिया संदेश के माध्यम से लोगों को गंगा दशहरा की शुभकामनाएं दी हैं।

000

प्रदेश में दाऊदी शिया बोहरा समुदाय आज ईद उल अज़हा का त्योहार परम्परागत रूप से मना रहा है। झालावाड ज़िले के झालरापाटन और सुनेल खानपुर में सुबह बुरहानी मस्ज़िद में ईद की नमाज़ अदा की गयी। इस अवसर पर नमाजियों ने देश में अमन–चैन और खुशहाली तथा भाईचारे की दुआ मांगी। लोगों ने एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी। राज्यपाल कलराज मिश्र ने प्रदेशवासियों को ईद–उज–जुहा पर बधाई और शुभकामना दी हैं।

000

डीग जिले की ग्राम पंचायत सोनगांव की सरपंच आशा कुमारी लोधा को भारत–भूटान अंतरराष्ट्रीय अवार्ड से सम्मानित किया गया है। उन्हें यह सम्मान जयपुर में रोटरी भवन सभागार में आयोजित समारोह में भूटान के उपराष्ट्रपति ने प्रदान किया। इस अवसर पर उन्हें गोल्ड मेडल और प्रतीक चिन्ह दिया गया।

000

प्रदेश के पूर्वी हिस्सों में पिछले 24 घंटों में कहीं–कहीं हल्की बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार कल बीकानेर और जयपुर संभाग में कुछ स्थानों पर हीटवेव चली। राज्य में सबसे अधिक 45 दशमलव 8 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान पिलानी में दर्ज किया गया। धौलपुर, चूरू, श्रीगंगानगर और भरतपुर में पारा 45 डिग्री से ऊपर रहा। मौसम केन्द्र जयपुर ने आज और कल कोटा और उदयपुर संभाग में कहीं–कहीं बारिश की संभावना जतायी है।

000